# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - (2018 - 2019)

## Second Language - HINDI

Part - A & B

Class : IX ] (Max. Marks : 80) [ Time : 2.45 Mts.

सूचना :- 1) प्रश्न - पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2) प्रश्न - पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।
3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

Marks : 60 ] **PART - A** [ Time : 2.00 Hrs.

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।
प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच - पाँच अंक निर्धारित हैं ।

1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।

यहाँ हम पर्यावरण की समस्या सुलझाने के लिए ही एकत्रित नहीं हुए हैं, बल्कि लोगों की सोच बदलने के लिए भी एकत्रित हुए हैं । अब हर बालक को पर्यावरण की शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा । हर कक्षा की किताबों में पर्यावरण के पाठ अवश्य होने चाहिए । विकास को रोकने के लिए मैं नहीं कहती । मैं यह कहना चाहती हूँ - जैवमित्र तकनीकों में बढ़ोत्तरी होनी चाहिए, जो सस्ती और अच्छी हो ।

प्रश्न : 5 x 1 = 5

1. हर बालक को किस शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ?
2. जैवमित्र तकनीक कैसी होनी चाहिए ?
3. इस गद्यांश में 'मैं' किसके लिए प्रयुक्त है ?-
4. 'सस्ता' इस शब्द का विलोम शब्द क्या है ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये विकल्पों से प्रश्नों के उत्तर चुनिए ।

हमारे भारतवर्ष में अनेक प्रकार के रसीले, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक फलों की खूब पैदावर होती है । मौसम में पैदा होनेवाले फल जरूर खाना चाहिए । आयुर्वेद के अनुसार मीठा अनार वात, पित्त और कफ़ दोषों को दूर करता है । पपीता पाचक और खून बढ़ानेवाला होता है । सेब मस्तिष्क एवं नस - नाड़ियों को शक्ति प्रदान करता है । अमरूद इतनी गुणकारी है कि इसे अमृत फल कहते हैं ।

[ Turn Over

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1. वात, पित्त और कफ़ दोषों को दूर करनेवाला फ़ल क्या है ? [ ]
   A) पपीता B) अनार C) सेब D) अंगूर

2. सेब खाने से किसे शक्ति मिलती है ? [ ]
   A) खून B) आँख C) पाचक यंत्र D) मस्तिष्क

3. अमृत फ़ल किसे कहते हैं ? [ ]
   A) अनार B) पपीता C) अमरूद D) सेब

4. यह फल खाने से खून बढ़ता है । [ ]
   A) पपीता B) अनार C) अमरूद D) सेब

5. फ़ल शब्द का बहुवचन रूप यह है । [ ]
   A) फलें B) फ़लों C) फ़ल D) फ़लाएँ

**3. निम्न लिखित कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

पर्वत कहता शीश उठाकर,
तुम भी ऊँचे बन जाओ ।
सागर कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ ।

समझ रहे हो क्या कहती है,
उठ - उठ गिर - गिर तरल तरंग ।
भर लो, भर लो अपने दिल में,
मीठे - मीठे मृदुल उमंग ।।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1. पर्वत क्या कहता है ?
2. मन में गहराई लाने की सीख किस से मिलती है ?
3. तरंग हमें कौनसी सीख देती है ?
4. 'शीश' शब्द का अर्थ क्या है ?
5. इस पद्यांश के कवि कौन हैं ?

[ Contd... 3rd

4. निम्न लिखित कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए।

कितनी सुंदर कितनी प्यारी
त्यौहारों में सबसे न्यारी
रंग बिरंगी होली
आई रंग बिरंगी होली ।

आओ मिलकर खुशी मनाएँ
एक दूजे को रंग लगाएँ
गले मिलें, हर झगड़ा भूलें
भेदभाव हम सभी मिटाएँ ।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1. त्यौहारों में सबसे न्यारी क्या है ? [ ]
   A) होली B) दिवाली C) ईद D) बैसाखी

2. होली के दिन एक दूसरे पर क्या लगाते हैं ? [ ]
   A) पानी B) फूल C) फल D) रंग

3. होली के दिन क्या भूल जाते हैं ? [ ]
   A) झगडे करना B) रंग लगाना
   C) खुशी मनाना D) गले मिलना

4. 'खुशी' - इस शब्द में प्रत्यय क्या है ? [ ]
   A) खु B) खुश C) सी D) ई

5. होली हमारे मन से किस भावना को मिटाती है ? [ ]
   A) निस्वार्थ भाव B) भेदभाव
   C) प्यार D) खुशी

II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18

5. भारतीय, मेहमानों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं ?

6. पृथ्वी और नभ से क्या सीख मिलती है ?

[ Turn Over

7. पर्यावरण के असंतुलन से उत्पन्न होनेवाले परिणाम क्या है ?

8. नेहरूजी ने अपने को और इंदिरा जी को क्यों भाग्यशाली माना है ?

9. ईशान कैसा बालक है ?

10. सम्मक्का - सारक्का के जीवन से क्या संदेश मिलता है ?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छह या आठ पंक्तियों में लिखिए ।** **6**

11. ''जिस देश में गंगा बहती है'' गीत में भारतीयों की महानता के बारे में सुंदर वर्णन किया गया है । समझाइए ।

12. प्रकृति के संदेशों से हम जीवन सफल बना सकते हैं । ''प्रकृति की सीख'' कविता पाठ के आधार पर समझाइए ।

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छह या आठ पंक्तियों में लिखिए ।** **6**

13. दूसरों के काम आने में ही जीवन का सच्चा सुख निहित है । ''गानेवाली चिड़िया'' पाठ के आधार पर समझाइए ।

14. फुटबॉल मिलजुलकर खेलने का खेल है । फुटबॉल खेल के बारे में आप क्या जानते हैं ? लिखिए ।

**V. किसी एक का उत्तर लिखिए ।** **5**

15. आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए किसी पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए ।

16. अपने जन्मदिन के अवसर पर निमंत्रण देते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** **5**

17. भारत त्यौहारों का देश है । अपने मनपसंद त्यौहार के बारे में लिखिए ।

18. मनोरंजन के क्षेत्र में दुरदर्शन का महत्वपूर्ण स्थान है । दूरदर्शन से होनेवाले लाभ व हानियों पर अपने विचार व्यक्त कीजिए

Regd.No. [ ] **U-22-B** Marks: [ ]

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - (2018 - 2019)

## Second Language - HINDI

### PART - B

Class : IX ] (Max . Marks : 20) [ Time : 30 Mts.

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राहयता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

Name of the student : ........................................................ Roll No : ..........

सूचना :- 1) भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।

2) भाग 'B' के लिए समय आधा (1/2) घंटा निर्धारित है ।

विशेष सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।

2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।

3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जाएँगे ।

निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । 20 X 1 = 20

1. जन्मदिन पर उपहार मिलते हैं ।
(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए ।) [ ]
A) वस्तु B) भेंट C) उपहास D) माला

2. राजा अस्वस्थ हो गये ।
(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए) [ ]
A) अस्वस्थता B) बीमार C) चुस्त D) स्वस्थ

3. पक्षी आसमान में उड़ता है ।
(रेखांकित शब्द का तद्भव रूप पहचानिए) [ ]
A) पंछी B) चिड़िया C) खग D) तितली

4. खेल में <u>विपक्ष</u> पर नज़र रखना है।
(रेखांकित शब्द का उपसर्ग पहचानिए) [ ]
A) क्ष B) पक्ष C) वि D) विप

5. हम सब <u>भारतीय</u> एक हैं।
(रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए) [ ]
A) इय B) ईय C) भा D) य

6. हिमालय पिघलता जा रहा है।
(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद करने पर।) [ ]
A) हिम + आलय
B) हिमा + आलय
C) हिम + अलय
D) हिमा + लय

7. <u>माता - पिता</u> का आदर करना चाहिए।
(रेखांकित शब्द का समास पहचानिए।) [ ]
A) अव्ययी भाव
B) द्वंद्व
C) बहुव्रीहि
D) तत्पुरुष

8. '1930' इस संख्या को हिंदी अक्षरों में पहचानिए। [ ]
A) उन्नीस हज़ार तीस
B) उन्नीस तीस
C) उन्नीस सौ तीस
D) उन्नीस सौ चालीस

9. <u>राजा</u> ने कमज़ोर आवाज़ में कहा।
(रेखांकित शब्द क्या है ?) [ ]
A) सर्वनाम
B) विशेषण
C) क्रिया विशेषण
D) संज्ञा

10. तुम बहादुर सिपाही बनो ।
(इस वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए ।) [ ]
A) बहादुर B) तुम
C) सिपाही D) बनो

11. राजा मधुर संगीत सुनना चाहते हैं ।
(इस वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए ।) [ ]
A) राजा B) मधुर
C) संगीत D) सुनना

12. भारत देश में गंगा बहती है ।
(इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए ।) [ ]
A) भारत B) देश
C) गंगा D) बहती

13. खिलाड़ी ने फुटबॉल को ज़ोर से मारा ।
(इस वाक्य में क्रिया विशेषण पहचानिए) [ ]
A) मारा B) खिलाड़ी
C) ज़ोर से D) फुटबॉल

14. भारत में कई वीर पैदा हुए ।
(स्त्रीलिंग रुपी वाक्य पहचानिए) [ ]
A) भारत में कई वीरांगनाएँ पैदा हुई ।
B) भारत में कई वीरांगनाएँ पैदा हुए ।
C) भारत में कई वीरांगनों पैदा हुई ।
D) भारत में कई वीरांगनें पैदा हुई ।

15. जन्मदिन के अवसर पर शुभकामना दी जाती है ।
(बहुवचन रूपी वाक्य पहचानिए) [ ]
A) जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनें दी जाती हैं ।
B) जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाओं दी जाती हैं ।
C) जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाओं दी जाते हैं ।
D) जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएँ दी जाती हैं ।

16. फुटबॉल सचाई _________ खेल है। [ ]
**(उचित कारक चिह्न पहचानिए)**
A) के B) का C) की D) को

17. शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]
A) हम हमारी धरती को बचा लें।
B) हम हमारे धरती को बचा लें।
C) हम अपनी धरती को बचा लें।
D) हम अपने धरती को बचा लें।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए। [ ]
A) भारत के इतिहास का निर्माण हो रहा है।
B) भारत के निर्माण इतिहास का हो रहा है।
C) इतिहास का निर्माण भारत के हो रहा है।
D) हो रहा है भारत के इतिहास का निर्माण।

19. मैं हर दिन यहाँ आऊँगी। **(काल पहचानिए)** [ ]
A) वर्तमान काल
B) भूत काल
C) भविष्यत काल
D) तात्कालिक वर्तमान काल

20. माँ के लिए बच्चा <u>जान से प्यारा होता</u> है। [ ]
**(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए)**
A) अधिक प्रिय होना
B) अधिक अप्रिय होना
C) स्वार्थी होना
D) प्रसन्न होना